भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1571
27 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

रक्षा विनिर्माण केन्द्र

1571. प्रो. अच्युतानंद सामंत :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ओडिशा को एक रक्षा विनिर्माण केन्द्र बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार का कंधमाल को एक रक्षा विनिर्माण केन्द्र बनाने का विचार है क्योंकि यह रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श स्थान हो सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस सुझाव की जांच करने के लिए एक समिति गठित की है या गठित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ): माननीय वित्त मंत्री ने 1 फरवरी, 2018 को अपने बजट भाषण में देश में दो रक्षा औद्योगिक कॉरीडोर बनाने के बारे में घोषणा की थी। इस घोषणा के अनुपालन में एक उत्तर प्रदेश में और एक तमिलनाडु में ऐसा कॉरीडोर बनाने का निर्णय लिया गया है। इस समय देश में कोई अतिरिक्त रक्षा औद्योगिक कॉरीडोर या निर्माण हब बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***